**प्रेस विज्ञप्ति**

# इरेडा का पहली छमाही में मजबूत प्रदर्शन: ऋण संस्वीकृति में 303% की वृद्धि, ऋण संवितरण में 56% की वृद्धि

नई दिल्ली, 30 सितंबर 2024

भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास संस्था लिमिटेड (इरेडा) ने वित्तीय वर्ष 2024-25 की पहली छमाही में उल्लेखनीय प्रदर्शन की है। 30 सितंबर, 2024 तक के अनंतिम आंकड़ों के अनुसार, इरेडा ने ऋण संस्वीकृतियों में 303% की प्रभावशाली वृद्धि दर्ज की है, जोकि वित्तीय वर्ष 2023-24 में इसी अवधि के दौरान ₹4,437 करोड़ की तुलना में बढ़कर ₹17,860 करोड़ हो गई है।

कंपनी के ऋण संवितरण में भी उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई, जोकि 30 सितंबर, 2023 तक ₹6,273 करोड़ की तुलना में 56% बढ़कर ₹9,787 करोड़ हो गई। साथ ही, बकाया ऋण बुक ₹64,500 करोड़ रही, जोकि पिछले वर्ष के ₹47,514 करोड़ से 36% अधिक है।

इस प्रदर्शन के बारे में टिप्पणी करते हुए, इरेडा के सीएमडी, श्री प्रदीप कुमार दास ने कहा कि , "यह असाधारण वृद्धि भारत के अक्षय ऊर्जा लक्ष्यों को आगे बढ़ाने के लिए हमारी दृढ़ प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। इरेडा के मजबूत वित्तीय परिणाम स्वच्छ ऊर्जा वित्तपोषण की बढ़ती मांग और हरित ऊर्जा परिवर्तन का समर्थन करने के लिए हमारी प्रतिबद्धता को परदर्शित करते हैं। वित्तीय वर्ष की पहली छमाही के अंतिम दिन इन अनंतिम आंकड़ों की घोषणा करके, हम कॉर्पोरेट सुशासन के उच्चतम मानकों को बनाए रखना जारी रखते हैं। हम अपने निवेशकों, हितधारकों और ग्राहकों के प्रति उनके विश्वास और साझेदारी के लिए आभार व्यक्त करते हैं, जोकि इस मील के पत्थर को प्राप्त करने के लिए सहायक रहे हैं।"